# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE
## ARJUNDA DIST. BALOD




### 21 June, 2024

शासन के आदेशानुसार योग दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य समस्त स्टाफ छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त दो योग शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति प्रदान किया। योग शिक्षक के निर्देशानुसार योगाभ्यास किया गया।

**शैक्षणिक सत्र 2024 25 में प्रथम नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम सेमेस्टर एवं अन्य कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की गई। जिसमें बी.ए में 250 सीट बीएससी एवं बीकॉम में 100 सीट हैं।**

### 10 July,2024

**महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना और एलुमनाई एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया।**



# NEWSLETTER

**SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE**
**ARJUNDA DIST. BALOD**

## 2024-25

शासन द्वारा तय तिथि अनुसार 5 अगस्त को दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चंद्रहास देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा ,अध्यक्षता प्राचार्य एवं एलुमनाई के सदस्य उपस्थित रहे






## 15 August, 2024

राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण पश्चात प्राचार्य प्राध्यापक गांठ छात्र-छात्र एवं एल्यूमनाई अध्यक्ष द्वारा विचार व्यक्त किया गया।

## 11 Sep. 2024

राष्ट्रीय सेवा योजना का उन्मुखीकरण बैठक किया गया। उक्त कार्यक्रम में संजय शुक्ला शासकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही एवं कुल्हारे सर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गुण्डरदेही उपस्थित रहे।



# NEWSLETTER

**SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE**
**ARJUNDA DIST. BALOD**

## 17 Sep. 2024

ओजोन दिवस मनाया गया। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर रंगोली वाद विवाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।







## 24 Sep. 2024

एन एस एस का स्थापना दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक गायक कांति कार्तिक यादव एवं डीएसपी राजनांदगांव अजीत ओगरे उपस्थित रहे।

## 28 Sep. 2024

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर और यात्री प्रतीक्षालय वनस्पतिक उद्यान एवं खेल मैदान का साफ-सफाई किया गया।






## 28 Sep. 2024

**Seminar on**
**"Career Guidance"**

# NEWSLETTER

**SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE**
**ARJUNDA DIST. BALOD**

## 01 Oct., 2024

स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता बनाए रखना और स्वच्छता को सेवा का आधार बनाना को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शपथ ली |









## National Unity Day

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने और अन्य छात्राओं ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण किया और इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने सभी छात्रों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई और सभी को एक सूत्र में पिरोने की बात कहीं

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE
## ARJUNDA DIST. BALOD

### Sports

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में दुर्ग सेक्टर में अंतर महाविद्यालय कबड्डी( महिला )प्रतियोगिता का आयोजन शैल देवी महाविद्यालय में किया गया इस प्रत्यास्पर्धा में महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने प्रतिभाग किया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया |




## कबड्डी में अर्जुंदा कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बालोद।** उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग.शासन के तत्वावधान में दुर्ग सेक्टर अंतर्महाविद्यालयीन कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन शैल देवी महाविद्यालय अंडा, दुर्ग (छ.ग. ) के द्वारा 15 एवं 16 अक्टूबर 2024 को किया गया। इसमें 24 महाविद्यालयों के महिला खिलाडी एवं टीमों ने भाग लिया, सभी टीमों के मध्य मैच खेला गया। महाविद्यालय के अतिथि क्रीड़ा सहायक मोनिका वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के टीम ने भी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए खिलाडियों ने स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम में शामिल खिलाड़ीगण ऋतु (कप्तान), गोदावरी, पूजा, पायल, गोदावरी, भारती, यामिनी, पल्लवी एवं चमेली रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतियोगिता में टीम के प्रदर्शन की सहराना की साथ ही सभी प्राध्यापको ने भी उज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रदर्शन से क्रीड़ा विभाग सहित महाविद्यालय के छात्रों में हर्ष व्याप्त है।

### जनजातीय गौरव पर पेंटिंग प्रतियोगिता
### दिनांक 18.10.2024
### प्रतिभागियों की संख्या 05




### जनजातीय गौरव पर भाषण प्रतियोगिता
### दिनांक 18.10.2024
### प्रतिभागियों की संख्या 02



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE
## ARJUNDA DIST. BALOD

### 05 Nov. - 09 Nov. 2024
युवा उत्सव 2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं












युवा उत्सव में भाग लेने हेतु महाविद्यालय में रंगोली और मेहंदी वाद-विवाद एवं तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में चयनित छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में भाग लिया




## Achievement

### रंगोली प्रतियोगिता बैंगलोर में हिस्सा लेंगी अर्जुन्दा महाविद्यालय की छात्रा पायल निषाद

**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की छात्रा पायल निषाद पिता उभयलाल निषाद बीएससी तृतीय वर्ष ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में विश्वविद्यालय स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर अब जोनल स्तरीय प्रतियोगिता बैंगलोर (कर्नाटक) के लिए चयनित हुई है। पायल निषाद का जोनल स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में चयन होने पर महाविद्यालय अर्जुन्दा के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता, स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन व महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और छात्र छात्राओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



### शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में मनाया गया जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत दिवस

पीपुल्स संवाददाता • बालोद

editor@peoplessamachar.co.in



शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय कुमार मंडावी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने किया। साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में श्री जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़ एवं सहवक्ता के रूप में कृष्ण कुमार साहू जिला संयोजक जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम बालोद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम के संयोजक दीपिका कंवर सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, एवं स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉक्टर रश्मि सिंह द्वारा किया गया। डॉ. रश्मि सिंह ने जनजाति समाज के नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला। सह वक्त कृष्ण कुमार साहू ने जनजाति समाज के नायक तिलका मांझी मंगल पांडे रानी दुर्गावती बहू भगत भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता जी राणा ने स्वलिखित पुस्तक निर्वाचन सार पुस्तकालय के लिए प्राचार्य को भेंट किया। साथ ही गुरु दत्तात्रेय के जीवन पर प्रकाश डाला। गुरु दत्तात्रेय ने अपने जीवन में भंवर कबूतर जुगनू सहित 24 गुरु बनाएं। मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय कुमार मंडावी ने जीवन में अनुशासन, भगवान गौतम बुद्ध के आदिवासी गुरु, आदिवासियों के गुरु प्रकृति, पेड़, पौधे, भूमि, पर्वत- पठारवादी सूर्य पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी अतिथियों का प्राचार्य डॉक्टर रश्मि सिंह ने प्रतीक चिन्ह, श्रीफल और साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहसंयोजक डॉ. प्रीति ध्रुवे एवं मंच संचालक डॉ. दीपिका द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण कार्यालय कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### रंगोली स्पर्धा के विजेताओं को किया गया सम्मानित

जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर पोस्टर रंगोली और भाषण में का आयोजन किया गया था। जिसमें पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.पायल निषाद रही। वहीं राकेश कुंभकार भाषण में प्रथम स्थान और रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनेश कुमार और ठाकुर राम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पद्मश्री अजय मंडावी द्वारा प्रमाण पत्र और विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE ARJUNDA DIST. BALOD

### 14 Nov., 2024

जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत के उपलक्ष में महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर छात्रों ने जनजाति नायकों के प्रभावशाली चित्रों को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया इस कार्यक्रम से छात्रों में जनजाति नायकों को जानने का मौका मिला तथा छात्रों के बीच रंगोली बनाने की प्रतिस्पर्धा का भी विकास हुआ






जनजाति समाज की गौरवशाली अतीत की उपलक्ष में महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चों ने जनजातीय समाज को दर्शाने वाली पोस्टर बनाएं तथा जनजाति नायको जैसे बिरसा मुंडा रानी दुर्गावती के चित्र भी बनाएं और उसको जनजाति गौरव शाली अतीत के लिए प्रदर्शनी के रूप में लगाया गया

जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय कुमार मंडावी और मुख्य वक्ता श्री जी आर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़ एवं सहवक्ता के रूप में कृष्ण कुमार साहू जिला संयोजक जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम बालोद उपस्थित रहे



# NEWSLETTER

**SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE**
**ARJUNDA DIST. BALOD**

## 16 Nov., 2024

बाल दिवस के उपलक्ष में बाल मेला अर्थात आनंद मेला का आयोजन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में फूड स्टॉल लगाया और इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के बीच में आनंद और व्यवसायिक सक्रियता को भी जाना |





# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE
## ARJUNDA DIST. BALOD



### 25 Nov., 2024

डॉ.सोमाली गुप्ता जी ने महाविद्यालय में प्राचार्य का पद भार ग्रहण किया इस अवसर पर सभी प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गण और छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य महोदय का स्वागत किया

### 26 Nov., 2024

संविधान दिवस के अवसर पर संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको ने संविधान के निर्माता नायकों को याद किया






# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVERNMENT COLLEGE ARJUNDA DIST. BALOD

**27 Nov., 2024**

महाविद्यालय के छात्र ने विद्यालय स्तर पर आयोजित खेल प्रतिस्पर्धा में 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया




**28 Nov., 2024**

महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा पर छात्र-छात्राओं को इसके महत्व इसके गरिमा को बनाए रखना के दायित्व की जानकारी दी गई




### अर्जुन्दा महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

**रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव**



छत्तीसगढ़ न्यूज़ ञअर्जुन्दा- शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा जिला बालोद में 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ सोमाली गुप्ता प्राचार्य एवं अध्यक्षता डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री संजीव वर्मा अंग्रेजी विभाग, श्री धर्मेन्द्र साहू अर्थशास्त्र विभाग, श्री प्रकाश सिंह बादल राजनीति विभाग, कार्यालयीन कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य रचना एवं राजभाषा के संदर्भ में प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने छत्तीसगढ़ी भाषा का शुद्ध उच्चारण, भाषा के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए राजभाषा दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही छात्र छात्राओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री लुकेश चन्द्राकार हिंदी विभाग एवं आभार प्रदर्शन भी संजीव वर्मा ने किया।